Bareilly, Monday
16 January 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण

PAGE NO : 6 BOTTOM

बेला थिएटर ने किया गधे की बरात नाटक का मंचन

जासं, बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को नई दिल्ली के बेला थिएटर कारवां ने गधे की बरात नाटक का मंचन किया। हरिभाई वडगाओंकर लिखित व अमर शा निर्देशित यह नाटक एक व्यंग्य है, जो अमीर और गरीब के बीच की खाई को प्रदर्शित करता हैं। नाटक में कलाकारों ने दिखाया कि समय किस तरह से बदलता है लेकिन अमीर और गरीब के बीच की खाई कम नहीं होती। शुरूआत इंद्र के दरबार से होती है। जहां अप्सरा नृत्य कर रही थी जिसका हाथ नशे में चित्रसेन पकड़ लेता है। इंद्र चित्रसेन को मृत्यु लोक में गधे के रूप में जाने का श्राप देते हैं, जिसके बाद चित्रसेन धरती पर गधे के रूप में कल्लू के घर पहुंचता है। यहां राजा सत्यधर्म वर्मा घोषणा करता है कि अगर कोई एक रात में राज महल से कुम्हार वाड़ा तक पुल बना देगा तो वह उससे अपनी बेटी राजकुमारी सत्यवती की शादी कर देगा। गधा बना चित्रसेन कल्लू से चुनौती को स्वीकार करने को कहता है। वह रात भर में पुल का निर्माण कर देता है। उसका विवाह राजा की पुत्री से हो जाता है। शादी के बाद वह राजमहल चला जाता है और कल्लू गरीब का गरीब ही रह जाता है। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, गिरिधर गोपाल खंडेलवाल, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा.रीटा शर्मा आदि रहे।

एसआरएमएस में नई दिल्ली के बेला थिएटर कारवां ने नाटक गधे की बरात का किया मंचन● सौ. स्वयं